Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 139-2025/Ext.] CHANDIGARH, MONDAY, AUGUST 11, 2025 (SRAVANA 20, 1947 SAKA)

हरियाणा सरकार

स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

दिनांक 11 अगस्त, 2025

संख्या 2/74/2020–1एच0बी0–III.— जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (1969 का केन्द्रीय अधिनियम 18) की धारा 30 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ।

1. (1) ये नियम हरियाणा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2025 कहे जा सकते हैं।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

परिभाषाएं।

2. (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय है, जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (1969 का केन्द्रीय अधिनियम 18);

(ख) "प्ररूप" से अभिप्राय है, इन नियमों से सलग्न प्ररूप; और

(ग) "धारा" से अभिप्राय है, अधिनियम की धारा।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में उन्हें दिए गए हैं।

गर्भावधि। धारा 2 (1) (छ).

3. धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के प्रयोजन के लिए गर्भावधि, अट्ठाईस सप्ताह होगी।

रिपोर्ट प्रस्तुत करना। धारा 4(4).

4. मुख्य रजिस्ट्रार धारा 19 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट सांख्यिकीय रिपोर्ट के साथ वर्ष जिससे रिपोर्ट सम्बन्धित है, के पश्चात्वर्ती वर्ष की 31 जुलाई तक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और सरकार को प्रस्तुत करेगा।

जन्म और मृत्यु की सूचना देने के लिए प्ररूप इत्यादि। धारा 8 तथा 9.

5. (1) धारा 8 या धारा 9, जैसी भी स्थिति हो, के अधीन रजिस्ट्रार को, दी जाने वाली अपेक्षित सूचना, जन्म, दत्तक सन्तान, मृत्यु और मृत जन्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए क्रमशः प्ररूप सख्या 1, 2, 3 और 4(जिन्हें, इसमें, इसके बादसंयुक्त रूप में रिपोर्टिंग प्ररूप कहा गया है) में होगी। यदि सूचना मौखिक रूप में दी जाती है, तो रजिस्ट्रार द्वारा सुसंगत रिपोर्टिंग प्ररूपों में दर्ज की जाएगी और सूचनादाता के हस्ताक्षर कराए जाएंगे/अंगूठे का निशान लगवाया जाएगा।

(2) विधिक जानकारी वाले रिपोर्टिंग प्ररूप के भाग–1 को "विधिक भाग" और सांख्यिकीय जानकारी वाले भाग–2 को "सांख्यिकीय भाग" कहा जाएगा।

(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूचना, जन्म, मृत्यु और मृत जन्म की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर दी जाएगी।

(4) हरियाणा राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में, उक्त अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट किसी घर में हुए जन्म तथा मृत्यु के संबंध में सूचना दिलवाने के लिए गांव का चौकीदार अपनी–अपनी अधिकारिता (राजस्व गांव) के भीतर जिम्मेदार होगा ।

(5) हरियाणा राज्य में ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरूष तथा महिला) तथा समाज कल्याण विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी–अपनी अधिकारिता के भीतर और इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से नियुक्त किसी अन्य अधिकारी, अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट घर में हुए जन्म, मृत्यु तथा मृत जन्म के सम्बन्ध में सूचना दिलवाएगा।

किसी वाहन में जन्म या मृत्यु। धारा 8(1).

6. (1) किसी गतिमान वाहन में जन्म या मृत्यु की दशा में, वाहन का प्रभारी प्रथम विराम स्थान पर धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन सूचना देगा या दिलवाएगा।

व्याख्या– इस नियम के प्रयोजनों के लिए "वाहन" शब्द से अभिप्राय है, भूमि पर, वायु में या जल पर प्रयुक्त होने वाली किसी भी प्रकार की सवारी और उसमें वायु–यान, बस, नाव, जहाज, रेल वाहन, मोटर कार, मोटर साइकिल, गाडी, तांगा, रिक्शा इत्यादि भी शामिल हैं।

(2) ऐसी मृत्यु की दशा में, जो धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से (ङ) के अन्तर्गत नहीं आती, जिसमें मृत्यु की समीक्षा की गई है, तो अधिकारी, जिसने मृत्यु की समीक्षा की है, धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन सूचना देगा या दिलवाएगा।

प्रमाणपत्र का प्ररूप। धारा 10 (2) (3).

7. धारा 10 की उपधारा (2) और (3) के अधीन अपेक्षित बीमारी के वृत्तांत, यदि कोई हो,सहित मृत्यु के कारण का प्रमाणपत्र, क्रमशः प्ररूप 5 और 6 में जारी किया जाएगा और रजिस्ट्रार, मृत्यु के रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां करने के पश्चात् उस मास, जिससे प्रमाणपत्र सम्बन्धित है, के ठीक पश्चात्वर्ती मास की 10 तिथि तक ऐसे सभी प्रमाणपत्र जिला रजिस्ट्रार के माध्यम से मुख्य रजिस्ट्रार को अग्रेषित करेगा।

जन्म या मृत्यु रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र। धारा 12.

8. (1) जन्म या मृत्यु से संबंधित रजिस्टर से उद्धृत जन्म या मृत्यु का प्रमाणपत्र, जो धारा 12 के अधीन किसी सूचक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा दिया जाना है, प्ररूप 7 या प्ररूप 8, जैसी भी स्थिति हो, में होगा।

(2) धारा (8) की उपधारा (1) के अनुसार खंड (क), (क क), (क ख) और (क ग) में निर्दिष्ट जन्म और मृत्यु, जैसी भी स्थिति हो, की निवासीय घटनाओं के मामले में, जो सीधे रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु को रिपोर्ट की जाती हैं, घर या गृहस्थी, जैसी भी स्थिति हो, के मुखिया या उसकी अनुपस्थिति में, घर में उपस्थित मुखिया का निकटतम संबंधी या उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सबसे बड़ा वयस्क व्यक्ति, दत्तक ग्रहण करने वाले माता–पिता और जैविक माता–पिता, रिपोर्ट किए जाने के तीस दिन के भीतर रजिस्ट्रार से इलैक्ट्रानिक रूप में या अन्यथा जन्म या मृत्यु का प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे।

(3) धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट जन्म और मृत्यु की आवासीय घटनाओं के मामले में, जिनकी जानकारी उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा दी जाती है, उक्त विनिर्दिष्ट व्यक्ति, रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु से प्राप्त प्रमाणपत्र, सम्बन्धित घर अथवा परिवार के मुखिया, जैसी भी स्थिति हो, को अथवा उसकी अनुपस्थिति में घर में उपस्थित मुखिया के किसी निकटतम संबंधी या उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सबसे बड़ा वयस्क व्यक्ति को, रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाणपत्र जारी करने के तीस दिन के भीतर इलैक्ट्रानिक रूप में या अन्यथा पारेषित करेगा।

(4) धारा 8 की उपधारा (1) के खंड (ख) से (ङ), (घ क), (घ ख) और (घ ग) में निर्दिष्ट जन्म और मृत्यु, जैसी भी स्थिति हो, की संस्थागत घटनाओं के मामले में, नवजात शिशु अथवा मृतक का निकटतम संबंधी जन्म अथवा मृत्यु की घटना घटित होने के तीस दिन के भीतर संस्थान के अधिकारी अथवा प्रभारी व्यक्ति से प्रमाणपत्र इलैक्ट्रोनिक रूप में या अन्यथा प्राप्त कर सकता है।

(5) यदि नियत अवधि के भीतर उपनियम (2) से (4) में यथा निर्दिष्ट सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा जन्म अथवा मृत्यु का प्रमाणपत्र एकत्र नहीं किया जाता है, तो रजिस्ट्रार या उपनियम (4) में यथा निर्दिष्ट संस्थान का अधिकारी अथवा सम्बन्धित प्रभारी व्यक्ति, इसे पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर डाक द्वारा सम्बन्धित परिवार को भेजेगा।

विलम्बित रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकारी और उसके लिए देय फीस। धारा 13.

9. (1) कोई जन्म या मृत्यु, जिसकी सूचना नियम 5 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पश्चात्, किन्तु इसके घटने के तीस दिन के भीतर रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो केवल दस रूपए की विलम्ब फीस के भुगतान पर रजिस्ट्रीकृत की जाएगी।

(2) जिस जन्म या मृत्यु की विलम्बित सूचना उसके होने के तीस दिन के पश्चात् किन्तु एक वर्ष के भीतर, रजिस्ट्रार को दी जाती है, वह केवल जिला रजिस्ट्रार या इस निमित्त किसी अधिकारी की लिखित अनुज्ञा पर और पच्चीस रुपए की विलंब फीस के भुगतान पर तथा प्ररूप 16 में स्व–अनुप्रमाणित दस्तावेज को इलैक्ट्रोनिक रूप में या अन्यथा प्रस्तुत करने पर रजिस्ट्रीकृत की जाएगी।

(3) जिस जन्म या मृत्यु की विलम्बित सूचना उसके होने के एक वर्ष बाद रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो वह केवल उस क्षेत्र में जिस स्थान पर जन्म या मृत्यु हुई है, की अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट या उपमण्डल मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा जन्म अथवा मृत्यु से संबंधित दस्तावेजों की सटीकता का सत्यापन करते हुए किए गए आदेश और पचास रूपए की विलम्ब फीस के भुगतान के साथ नोटरी पब्लिक अथवा शपथ आयुक्त के समक्ष दिए गए शपथ पत्र, पर रजिस्ट्रीकृत की जाएगीः

परन्तु इस प्रयोजन हेतु, आवेदन मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट दस्तावेजों सहित क्षेत्र के रजिस्ट्रार को किया जाएगा। रजिस्ट्रार जांच करने के बाद आवदेन जिला रजिस्ट्रार को भेजेगा तथा जिला रजिस्ट्रार जांच करने के बाद आवदेन जांच तथा आदेश हेतु जिला मजिस्ट्रेट, उपमण्डल मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट को भेजेगा। सूचना के संबंध में किसी संदेह की दशा में किसी भी स्तर पर आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है।

नाम के बिना रजिस्ट्रीकरण। धारा 14.

10. (1) जहां किसी बालक का जन्म नाम के बिना रजिस्ट्रीकृत किया गया है, तो ऐसे बालक के माता पिता या अभिभावक बालक के जन्म के रजिस्ट्रीकरण की तिथि से बारह मास के भीतर मौखिक रूप में या लिखित रूप में या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में रजिस्ट्रार को बालक के नाम के संबंध में सूचना देगाः

परन्तु ऐसे मामलें में जहां रजिस्ट्रीकरण, इन नियमों के प्रारम्भ पर या के बाद किया जाता है और सूचना ऐसे रजिस्ट्रीकरण की तिथि से पन्द्रह वर्ष की अवधि की समाप्ति से पूर्व दी जाती है, धारा 23 की उपधारा (4) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, रजिस्ट्रार,–

(क) यदि रजिस्टर उनके कब्जे में है, तो पचास रूपए की विलम्ब फीस के भुगतान पर जन्म रजिस्टर के सुसंगत खाने में तुरन्त नाम दर्ज करेगा;

(ख) यदि रजिस्टर उनके कब्जे में नहीं है तथा यदि सूचना मौखिक रूप में दी गई है, तो आवश्यक विवरण देते हुए एक रिपोर्ट तैयार करेगा तथा यदि सूचना लिखित में दी गई है, तो पचास रूपए की विलम्ब फीस के भुगतान पर आवश्यक प्रविष्टि करने के लिए उसे जिला रजिस्ट्रार को अग्रेषित करेगा।

(2) माता–पिता या अभिभावक, जैसी भी स्थिति हो, धारा 12 के अधीन उसे दिए गए प्रमाणपत्र की प्रति या धारा 17 के अधीन उसे दिया गया प्रमाणित प्रमाणपत्र, रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करेगा, और इसे प्रस्तुतीकरण पर, रजिस्ट्रार बालक के नाम से संबंधित आवश्यक पृष्ठांकन करेगा या उपनियम (1) के परन्तुक में यथाकथित कार्यवाही करेगा।

प्रविष्टि को ठीक करना या रद्द करना। धारा 15.

11. (1) यदि रजिस्ट्रार को यह रिपोर्ट दी जाती है कि रजिस्टर में कोई लिपिकीय या औपचारिक त्रुटि हो गई है या यदि ऐसी किसी त्रुटि का उसे अन्यथा पता लगता है और रजिस्टर उनके कब्जे में है, तो रजिस्ट्रार इस विषय में जांच करेगा और यदि उसकी संतुष्टि हो जाती है कि ऐसी कोई त्रुटि हो गई है, तो वह धारा 15 में यथा उपबन्धित (उस प्रविष्टि को ठीक या रद्द करके) त्रुटि को ठीक करेगा और ऐसी प्रविष्टि का एक प्रमाणपत्र, जिसमें यह दर्शित किया जाएगा कि त्रुटि क्या थी और उसे कैसे ठीक किया गया है, राज्य सरकार या जिला रजिस्ट्रार को भेजेगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट मामले में, यदि रजिस्टर उनके कब्जे में नहीं है, तो रजिस्ट्रार, जिला रजिस्ट्रार को रिपोर्ट करेगा और सुंसगत रजिस्टर मंगवाएगा तथा इस विषय में जांच करने के पश्चात, यदि उसकी संतुष्टि हो जाती है कि ऐसी कोई त्रुटि हुई है, तो यह आवश्यक संशोधन करेगा।

(3) उपनियम (2) में यथा वर्णित ऐसा कोई संशोधन जिला रजिस्ट्रार द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित किया जाएगा, जब रजिस्ट्रार से रजिस्टर प्राप्त हो।

(4) यदि कोई व्यक्ति प्रख्यान करता है कि जन्म और मृत्यु के रजिस्टर में कोई प्रविष्टि सारतः त्रुटिपूर्ण है, तो रजिस्ट्रार उस व्यक्ति द्वारा ऐसी कोई घोषणा प्रस्तुत कर दिए जाने पर, जिसमें त्रुटि के स्वरूप और मामले के सही तथ्यों को दर्शित किया गया है और जो दो ऐसे विश्वसनीय व्यक्तियों द्वारा समर्थित की गई है जिन्हें तथ्यों या मामले का ज्ञान है, धारा 15 के अधीन विहित रीति में प्रविष्टि को ठीक कर सकता है।

(5) उपनियम (1) और उपनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, रजिस्ट्रार, आवश्यक ब्यौरे देते हुए उसमें निर्दिष्ट प्रकार के किसी संशोधन की रिपोर्ट जिला रजिस्ट्रार के माध्यम से मुख्य रजिस्ट्रार को देगा।

(6) यदि रजिस्ट्रार की संतुष्टि के अनुसार यह साबित हो जाता है कि जन्म और मृत्यु के रजिस्टर में कोई प्रविष्टि कपटपूर्वक या अनुचित रूप से की गई है तो, वह मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा इस निमित्त साधारण या विशेष आदेशों द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को धारा 25 के अधीन आवश्यक ब्यौरा देते हुए एक रिपोर्ट देगा और उनके निर्देशानुसार उस विषय में आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(7) इस नियम के अधीन ऐसा प्रत्येक मामला जिसमें किसी प्रविष्टि को ठीक या रद्द किया गया है उसकी इत्तला उस व्यक्ति को जिसने अधिनियम की धारा 8 या धारा 9 के अधीन सूचना दी है, उसके स्थायी पते पर भेजी जाएगी।

रजिस्टर का प्ररूप। धारा 16.

12. (1) प्ररूप 1, 2, 3 और 4 रिपोर्टिंग प्ररूप के भाग–1 में दी गई विधिक सूचना क्रमशः प्ररूप 9, 10 और 11 में जन्म रजिस्टर, मृत्यु रजिस्टर और मृत जन्म रजिस्टर से मिलकर बनेगी।

(2) प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम दिवस को नया रजिस्टर खोला जाएगा।

(3) घटना, जो किसी पूर्व वर्ष में घटित हुई है, उस वर्ष, जिसमें इसकी रिपोर्ट की गई है, के लिए रजिस्टर में अभिलिखित की जाएगीः

परन्तु कोई भी प्रविष्टि पूर्व में अभिलिखित दो प्रविष्टियों के बीच में अन्तर्वेशित नहीं की जाएगी।

भुगतान योग्य फीस, और डाक प्रभार। धारा 17.

13. (1) धारा 17 के अधीन इलैक्ट्रोनिक रूप में या अन्यथा जारी किए जाने वाले जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र अथवा अनुपलब्धता प्रमाणपत्र के सम्बन्ध में की जाने वाली तलाशी के लिए भुगतान योग्य फीस निम्नानुसार होगी–

(क)	किसी एक प्रविष्टि की तलाशी के लिए तलाश किए जाने वाले प्रथम वर्ष के लिए	20.00 रूपए
(ख)	तलाश किए जाने वाले प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के लिए	20.00 रूपए
(ग)	प्रत्येक जन्म या मृत्यु से सम्बन्धित प्रमाणपत्र देने के लिए	50.00 रूपए
(घ)	जन्म अथवा मृत्यु का अनुपलब्धता प्रमाणपत्र देने के लिए	50.00 रूपएः

परन्तु तुरन्त अपेक्षा के मामले में, कोई प्रमाणपत्र देने के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ तुरन्त फीस के रूप में सौ रूपए की अतिरिक्त फीस भुगतान की जाएगी। उस मामले में प्रमाणपत्र आवेदन प्राप्ति के तीन दिन के भीतर जारी किया जाएगाः

परन्तु यह और कि निम्नलिखित को प्रमाणपत्र की प्रतियां देने के लिए कोई भी फीस प्रभारित नहीं की जाएगी–

(i) राज्य सरकार; और

(ii) भारत संघ की सशस्त्र सेनाओं के मृतक कर्मियों के निमित्त पेंशन के दावों के संबंध में जिला सैनिक, नाविक तथा नौसैनिक बोर्ड।

(2) किसी जन्म या मृत्यु के संबंध में धारा 17 के अधीन जन्म या मृत्यु से संबंधित रजिस्टर से उद्धरण के आधार पर प्रमाणपत्र, रजिस्ट्रार या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, प्ररूप 7 या प्ररूप 8, जैसी भी स्थिति हो, में जारी किया जाएगा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (2023 का केन्द्रीय अधिनियम 47) की धारा 75 में उपबन्धित रीति में प्रमाणित किया जाएगा।

(3) यदि जन्म अथवा मृत्यु की कोई विशिष्ट घटना रजिस्ट्रीकृत नहीं पाई जाती है, तो रजिस्ट्रार प्ररूप 12 में अनुपलब्धता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(4) ऐसा कोई प्रमाणपत्र अथवा अनुपलब्धता प्रमाणपत्र उसे मांगने वाले व्यक्ति को दिया जाएगा अथवा उसे उसके लिए डाक प्रभार भुगतान करने पर, डाक द्वारा भेजा जाएगा।

अन्तराल और कालिक विवरणियों के प्ररूप। धारा 19(1).

14. (1) प्रत्येक रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर लेने के पश्चात, प्रत्येक मास से संबंधित रिपोर्टिंग प्ररूपों के सांख्यिकीय भागों को, जन्मों के लिए प्ररूप 13, मृत्युओं के लिए प्ररूप 14 और मृत जन्मों के लिए प्ररूप 15 में मासिक सार रिपोर्ट के साथ, प्रत्येक मास की 5 तिथि को या उससे पहले जिला रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को भेजेगा।

(2) जिला रजिस्ट्रार, उसके द्वारा प्राप्त किए गए रिपोर्टिंग प्ररूपों के ऐसे सभी सांख्यकीय भाग को आने वाले मास की 10 तिथि तक मुख्य रजिस्ट्रार को भेजेगा।

15. धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन सांख्यिकीय रिपोर्ट में इन नियमों से संलग्न फार्मेटों क–1, क–।।, ख–1 से ख–23, घ–1 से घ–21, ध–1 से ध–7 में सारणियां सम्मिलित होंगी और उसका संकलन सम्बन्धित वर्ष के ठीक आगामी वर्ष की 31 जुलाई से पूर्व किया जाएगा और उसका प्रकाशन उसके पश्चात् यथाशीघ्र किन्तु किसी भी दशा में उक्त तिथि से पांच मास के भीतर किया जाएगा। सांख्यिकीय रिपोर्ट। धारा 19 (2).

16. (1) धारा 23 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का प्रशमन, मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा इस निमित्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा इस अधिनियम के अधीन या तो किन्हीं दाण्डिक कार्यवाहियों के शुरू किए जाने से पूर्व या पश्चात् किया जाएगा, यदि इस प्रकार प्राधिकृत अधिकारी की सन्तुष्टि हो जाती है कि अपराध असावधानी से या भूल से या प्रथम बार किया गया है। अपराधों के प्रषमन की शर्तें। धारा 24.

(2) ऐसा कोई अपराध ऐसी राशि के भुगतान पर जो धारा 23 की उपधारा (1), उपधारा (2) और उपधारा (4) के अधीन अपराधों के लिए दो सौ पचास रुपए, उपधारा (3) के अधीन अपराधों के लिए पचास रुपए, तथा उपधारा (1क) और उपधारा (4क) के अधीन अपराधों के संबंध में लिए एक हज़ार रुपए से अनधिक होगी, प्रशमन किया जा सकेगा।

17. धारा 25क की उपधारा (1) के अधीन अपील इन नियमों के प्ररूप 17 में प्रस्तुत की जाएगी। अपील। धारा 25क.

18. (1) रजिस्टार, जन्म और मृत्यु रजिस्टरों के लिए क्रमशः प्ररूप 18 और 19 में तलाशी अभिलेख रखेगा। रजिस्ट्रार, भाग–1 में निहित विधिक सूचना से विवरणियों की नकल करेगा और घटनाएं तलाश करते समय अपनी सहायता के लिए केवल सुसंगत रजिस्टर से प्रमाण पत्र जारी करेगा । रजिस्टर और अन्य अभिलेख। धारा 30(2) (ट).

(2) जन्म, मृत्यु और मृत जन्म का रजिस्टर, स्थायी महत्व का अभिलेख होगा और वह नष्ट नहीं किया जाएगा।

(3) धारा 13 की उपधारा (2) के अधीन अनुदत्त अनुज्ञा तथा धारा 13 की उपधारा (3) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा प्राप्त विलंबित रजिस्ट्रीकरण के लिए जारी आदेश, जन्म रजिस्टर, मृत्यु रजिस्टर और मृत जन्म के रजिस्टर के अभिन्न अंग होंगे तथा वे नष्ट नहीं किए जाएंगे।

(4) धारा 10 की उपधारा (2) और उपधारा (3) के अधीन जारी किया गया मृत्यु के कारण का प्रमाण–पत्र मुख्य रजिस्ट्रार या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा कम से कम 5 वर्ष तक रखा जाएगा।

(5) जन्म, मृत्यु और मृत जन्म का प्रत्येक रजिस्टर, रजिस्ट्रार द्वारा, उस कलैण्डर वर्ष, जिससे वह सम्बन्धित है, की समाप्ति के पश्चात् बारह मास की अवधि तक अपने कार्यालय में रखा जाएगा और तत्पश्चात् ऐसा रजिस्टर सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जिला रजिस्ट्रार को हस्तान्तरित कर दिया जाएगा।

19. अधिनियम के अधीन भुगतान योग्य सभी फीसें, नकदी में अथवा धनादेश द्वारा अथवा खजाने में "0210– चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य–800–अन्य प्राप्तियां जन्म तथा मृत्यु प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए अन्य मदें" शीर्ष के अधीन भुगतान की जाएंगी। फीस।

20. हरियाणा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2002, इसके द्वारा, निरसित किए जाते हैं: निरसन तथा व्यावृत्ति।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश अथवा की गई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्रवाई समझी जाएगी।

सुधीर राजपाल,
अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
स्वास्थ्य विभाग।

प्ररूप -1

देखिए नियम **5 (1)**

जन्म प्रतिवेदन

विधिक सूचना

(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें)

यह भाग जन्म रजिस्टर में जोड़ा जाए

प्ररूप – 1

देखिए नियम **5 (1)**

जन्म प्रतिवेदन

सांख्यिकीय सूचना

(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें)

इस हिस्से को अलग करके सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

सूचनाथी द्वारा भरा जाए

1. **जन्म तिथि :** **दिन** - **मास** - X X **वर्ष**
2. लिंग("पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति" दर्ज करें) :
3. **बालक का विवरण (यदि नाम नहीं है तो खाली छोड़ दें) :–**

(क) **नाम** (यदि कोई हो): प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

4. **पिता का विवरण:–**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या :

(घ) ई–मेल आईडी:

5. **माता का विवरण:–**

(क) नाम: प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या:

(घ) ई–मेल आईडी:

6. **बालक के जन्म के समय माता–पिता का पता: मकान संख्या :**

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

7. **माता–पिता का स्थायी पता:** मकान संख्या **:**

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

8. **जन्म स्थान (निम्न में से 1 या 2 या 3 पर सही का निशान लगाएं और "अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या 'अन्य स्थान" का पता दें, जहां जन्म हुआ):**

1. अस्पताल/संस्थान का नाम :

2. घर : 3. अन्य स्थान: पता : मकान संख्या :

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

9. **जन्म क्रम**

10. **सूचनादाता का विवरण:**

(क) **नाम**: प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या

(घ) ई–मेल आईडी

(ङ) पता : मकान संख्या :

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

घोषणा:

☐ मैंने अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच्ची जानकारी प्रदान की है। मैं गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 23 के अधीन दंड के बारे में जानता हूं। इसके अलावा, मैं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के अधीन सहमति देता हूं।

(खाना 1 से 23 को पूरा करने के बाद, सूचना देने वाला हस्ताक्षर करेगा और दिनांक भरेगा)

दिनांक: **दिन** - **मास** - X X **वर्ष**

सूचनादाता के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान

अलग किया जाए और सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

सूचनाथी द्वारा भरा जाए

11. **माता के निवास का शहर या गांव** (वह स्थान जहां माता प्राय: रहती है। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां जन्म हुआ हो, उचित प्रविष्टि "शहर" या "गांव" पर निशान लगाएं और उसका नाम लिखें):

शहर या गाँव: उप–जिला:

जिला: राज्य या केंद्र शासित प्रदेश:

पिन कोड:

12. **धर्म के लिए [उचित धर्म "हिन्दू" या "मुस्लिम" या "ईसाई" या "सिख" या "बौद्ध" या "जैन" या "अन्य" दर्ज करें (कृपया निर्दिष्ट करें)**

(क) पिता का धर्म:

(ख) माता का धर्म:

13. पिता की शिक्षा का स्तर:

14. माता की शिक्षा का स्तर:

15. पिता का व्यवसाय:

16. माता का व्यवसाय:

17. विवाह के समय माता की आयु (पूर्ण वर्षों में) (यदि एक से अधिक बार विवाह हुआ हो तो प्रथम विवाह के समय की आयु लिखी जाए।)

18. माता की आयु (पूर्ण वर्षों में) इस जन्म के समय:

19. इस बच्चे सहित माता के जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या: (जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या में पहले विवाह से जन्मे बच्चे को भी शामिल किया जाये (यदि कोई हो)

20. बच्चे के जन्म के समय सहायक (निम्न में से किसी एक पर सही निशान लगाएं)रू

1. संस्थागत–सरकारी
2. संस्थागत – निजी या गैर सरकारी
3. डॉक्टर, नर्स या प्रशिक्षित सहायक
4. जन्म के समय परम्परागत सहायक
5. रिश्तेदार या अन्य

21. जन्म की विधि (निम्न में से किसी एक पर सही का निशान लगाएं):

1. प्राकृतिक
2. ऑपरेशन द्वारा
3. फोरसेप्स/वैक्यूम

22. जन्म के समय वजन (कि.ग्रा. में) (यदि उपलब्ध हो):

23. गर्भधारण की अवधि (सप्ताह में) :

(एक से अधिक जन्म के मामले में, प्रत्येक बच्चे के लिए एक अलग फॉर्म भरें और बाईं ओर नीचे दिए गए बॉक्स में टिप्पणी कॉलम में, जैसी भी स्थिति हो, 'जुड़वा जन्म' या 'तीन जन्म' आदि लिखें।)

(सरे जाने वाले खाने समाप्त हो गए हैं। अब बाईं ओर हस्ताक्षर करें)

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाये

रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: **दिन** - **मास** - X X **वर्ष**

रजिस्ट्रेशन केन्द्र:

शहर/गांव:

उप जिला:

जिला:

टिप्पणी (यदि कोई हो):

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाये

	नाम	**कोड संख्या**
जिला		
उप जिला		
शहर/गांव:		

रजिस्ट्रेशन केन्द्र:

रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: **दिन** - **मास** - X X **वर्ष**

जन्म तिथि: **दिन** - **मास** - X X **वर्ष**

लिंग : पुरुष/महिला/ ट्रांसजेंडर व्यक्ति

जन्म स्थान: 1- अस्पताल/संस्थान 2- घर 3- अन्य स्थान

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

प्ररूप 1 : जन्म प्रतिवेदन भरने के लिए निर्देश

<table>
<tr><th>विषय संख्या</th><th>निर्देश</th></tr>
<tr><td>1</td><td>दिनांक, जहां भी हो, दिन–मास–वर्ष फार्मेट में प्रदान की जानी है, जहां दिन दो अंकों में दिनांक है, मास दो अंकों में महीना है और वर्ष चार अंकों में वर्ष है। जहां भी दिनांक शब्दों में लिखी हो उसे पूरा लिखा जाना चाहिए जैसे 01–01–2023 को एक जनवरी दो हजार तेईस लिखा जाएगा। दिनांक और अन्य संख्यात्मक प्रविष्टियाँ रिकॉर्ड करने के लिए केवल 'अरबी अंकों' जैसे 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 का उपयोग करें।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>"पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति " दर्ज करें। संक्षिप्तीकरण का प्रयोग न करें।</td></tr>
<tr><td>3,4,5,9</td><td>नाम, जहां कहीं भी हो, (प्रथम नाम) (मध्य नाम) (अंतिम नाम) के प्रारूप में प्रदान किया जाना है जहां पूरा नाम (संक्षिप्त नाम नहीं) बड़े अक्षरों में लिखा जाना है और प्रथम नाम अनिवार्य है । (प्रथम नाम) या (मध्य नाम) या (अंतिम नाम) में कम से कम दो अक्षर होने चाहिए। यदि बच्चे का नाम नहीं है तो खाली छोड़ दें।
बच्चे के नाम के बिना भी जन्म का पंजीकरण कराया जा सकता है। हालाँकि, पंजीकरण के बारह मास के भीतर बच्चे का नाम निःशुल्क डाला जा सकता है (राज्य नियमों के नियम 10 देखें)।</td></tr>
<tr><td>6,7,8,9</td><td>पता, जहां कहीं भी हो, उसमें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, जिला, उप–जिला, शहर या गांव, वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो), मोहल्ला, मकान संख्या और पिन कोड शामिल होगा।</td></tr>
<tr><td>8</td><td>जन्म स्थान के लिए उपयुक्त प्रविष्टि पर निशान लगाएं
1. अस्पताल / संस्थान
2. घर
3.अन्य स्थान
"अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या "अन्य स्थान" का पता दें जहां जन्म हुआ।</td></tr>
<tr><td>10</td><td>माता के निवास का शहर या गाँवः वह स्थान जहाँ माता प्रायः रहती है। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां जन्म हुआ हो। घर का पता लिखा जाना आवश्यक नहीं है।</td></tr>
<tr><td>12,13</td><td>शिक्षा का स्तर - निम्नलिखित में से एक लिखें -
<table>
<tr><td>1. पूर्व–प्राथमिक</td><td>6. कक्षा 5</td><td>11. कक्षा 10</td><td>16.स्नातक / पूर्व–स्नातक</td><td>21. औपचारिक शिक्षा के बिना साक्षर</td></tr>
<tr><td>2. कक्षा 1</td><td>7. कक्षा 6</td><td>12. कक्षा 11</td><td>17. पीजी डिप्लोमा</td><td>22. निरक्षर</td></tr>
<tr><td>3. कक्षा 2</td><td>8. कक्षा 7</td><td>13. कक्षा 12</td><td>18.मास्टर / स्नातकोत्तर</td><td></td></tr>
<tr><td>4. कक्षा 3</td><td>9. कक्षा 8</td><td>14. आईटीआई</td><td>19.एम.फिल</td><td></td></tr>
<tr><td>5. कक्षा 4</td><td>10. कक्षा 9</td><td>15. डिप्लोमा / प्रमाणपत्र</td><td>20.डॉक्टरेट और उससे ऊपर</td><td></td></tr>
</table>
(शिक्षा के पूर्ण किए गए, उदाहरण के लिए यदि सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है, लेकिन केवल छठी कक्षा उत्तीर्ण की है, तो छठी कक्षा लिखें)</td></tr>
<tr><td>14, 15</td><td>व्यवसाय – निम्नलिखित में से एक लिखें–
1- कृषक
2- खेतिहर मजदूर
3- दैनिक वेतन भोगी (खेतिहर मजदूर के अलावा)
4- एकल / पारिवारिक श्रमिक / स्वरोजगार
5- नियोक्ता
6- सरकारी कर्मचारी
7- निजी कर्मचारी (घरेलू सहायक के अलावा)
8- घरेलू सहायक
9- गैर–कर्मचारी</td></tr>
</table>

टिप्पण : सूचना देने वाले को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जन्म प्रतिवेदन प्ररूप में कोई भी विषय जहां तक संभव हो, खाली न छोड़ा जाए।

प्ररूप -2

देखिए नियम **5 (1)**

दत्तक बच्चे का जन्म सूचना प्रतिवेदन
विधिक सूचना
(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें)

यह भाग जन्म रजिस्टर में जोड़ा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

1*. **जन्म तिथि :** दिन - मास - X X वर्ष

2*. **लिंग("पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति" दर्ज करें) :**

3. **बालक का विवरण (यदि दत्तक ग्रहण करने पर नाम बदला गया हो, तो नया नाम लिखें):**

(क) बालक का नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

4*. **माता का विवरण (यदि ज्ञात हो):**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या :

(घ) ईमेल आईडी:

5*. **पिता का विवरण (यदि ज्ञात हो):**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या

(घ) ईमेल आईडी:

6. **दत्तक ग्रहण विलेख/आदेश का विवरण :**

(क) दिनांक: D D - M M - Y Y Y Y

(ख) दत्तक ग्रहण विलेख/आदेश की संख्या:

7. **दत्तक माता का विवरण:**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या

(घ) ईमेल आईडी:

8. **दत्तक पिता का विवरण :**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या

(घ) ईमेल आईडी:

9. **दत्तक ग्रहण विलेख/आदेश में दर्ज दत्तक माता–पिता का पता: मकान संख्या :**

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला: जिलारू

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पेन कोड:

10. **दत्तक माता–पिता का स्थायी पता: मकान संख्या :**

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला: जिलारू

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पेन कोड:

11*. **जन्म स्थान (निम्न में से 1 या 2 या 3 पर सही का निशान लगाएं और "अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या 'अन्य स्थान" का पता दें जहां जन्म हुआ था):**

1. अस्पताल/संस्थान का नाम :

2. घर : 3. अन्य स्थान: पता : मकान संख्या : मोहल्ला:

वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पेन कोड:

12. **यदि एजेंसी के माध्यम से गोद लिया गया है तो दत्तक ग्रहण एजेंसी का पता लिखें: मकान संख्या :**

मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पेन कोड:

13. **सूचनादाता का विवरण :**

(क) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या :

(घ) ईमेल आईडी:

(ङ) पता : मकान संख्या : मोहल्ला:

वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पेन कोड:

*** जैसा कि मूल जन्म प्रमाण पत्र में निहित है।**

घोषणा: ☐ मैंने अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच्ची जानकारी प्रदान की है। मैं गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 23 के अधीन दंड के बारे में जानता हूं। इसके अलावा, मैं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के अधीन सहमति देता हूं।
(खाना 1 से 18 तक पूरा करने के बाद,
सूचना देने वाला हस्ताक्षर करेगा और दिनांक भरेगा)

दिनांक: दिन - मास - X X वर्ष

सूचनादाता के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष

रजिस्ट्रेशन केन्द्र:

शहर/गाँव: उप–जिला:

जिला:

टिप्पणी (यदि कोई हो):

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

अलग किया जाए और सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

प्ररूप संख्या– 2 (सांख्यिकीय सूचना) देखिए नियम **5 (1)**

दत्तक बच्चे का जन्म सूचना प्रतिवेदन
(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें)

इस हिस्से को अलग करके सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

14. **धर्म के लिए** [उचित धर्म "हिन्दू" या "मुस्लिम" या "ईसाई" या "सिख" या "बौद्ध" या "जैन" या "अन्य "दर्ज करें (कृपया निर्दिष्ट करें)]

(ङ) दत्तक पिता का धर्म

(च) दत्तक माता का धर्म

15. दत्तक पिता की शिक्षा का स्तर:

16. दत्तक माता की शिक्षा का स्तर:

17. दत्तक पिता का व्यवसाय:

18. दत्तक माता का व्यवसाय:

(भरे जाने वाले खाने समाप्त हो गए हैं। अब बाईं ओर हस्ताक्षर करें)

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

	नाम	कोड संख्या
जिला		
उप जिला		
शहर/गाँव :		

रजिस्ट्रेशन केन्द्र: रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष

जन्म तिथि: दिन - मास - X X वर्ष

लिंग : पुरुष / महिला / ट्रांसजेंडर व्यक्ति

जन्मस्थान: 1-अस्पताल / संस्थान 2.घर 3. अन्य स्थान

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

प्ररूप 2 : दत्तक बालक का जन्म सूचना प्रतिवेदन भरने के लिए निर्देश

<table>
<tr><th>विषय संख्या</th><th>निर्देश</th></tr>
<tr><td>1, 6</td><td>दिनांक, जहां भी हो, दिन–मास–वर्ष फार्मेट में प्रदान की जानी है, जहां दिन दो अंकों में दिनांक है, मास दो अंकों में महीना है और वर्ष चार अंकों में वर्ष है। जहां भी दिनांक शब्दों में लिखी हो उसे पूरा लिखा जाना चाहिए जैसे 01–01–2023 को एक जनवरी दो हजार तेईस लिखा जाएगा।
यदि जन्म तिथि अज्ञात है, तो दत्तक ग्रहण के आदेश या विलेख, जैसा भी स्थिति हो, में दर्शाई गई जन्म तिथि दर्ज करें।
दिनांक और अन्य संख्यात्मक प्रविष्टियाँ रिकॉर्ड करने के लिए केवल 'अरबी अंकों' जैसे 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 का उपयोग करें।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>"पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति " दर्ज करें। संक्षिप्तीकरण का प्रयोग न करें।</td></tr>
<tr><td>3,4,5,7,8,13</td><td>नाम, जहां कहीं भी हो, (प्रथम नाम) (मध्य नाम) (अंतिम नाम) के फार्मेट में प्रदान किया जाना है जहां पूरा नाम (संक्षिप्त नाम नहीं) बड़े अक्षरों में लिखा जाना है और प्रथम नाम अनिवार्य है । (प्रथम नाम) या (मध्य नाम) या (अंतिम नाम) में कम से कम दो अक्षर होने चाहिए।</td></tr>
<tr><td>9,10,11,12,13</td><td>पता, जहां कहीं भी हो, उसमें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, जिला, उप–जिला, शहर या गांव, वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो), मोहल्ला, मकान संख्या और पिन कोड शामिल होगा।</td></tr>
<tr><td>15,16</td><td>शिक्षा का स्तर – निम्नलिखित में से एक लिखें–
<table>
<tr><td>1. पूर्व–प्राथमिक</td><td>6. कक्षा 5</td><td>11. कक्षा 10</td><td>16. स्नातक / पूर्व–स्नातक</td><td>21. औपचारिक शिक्षा के बिना साक्षर</td></tr>
<tr><td>2. कक्षा 1</td><td>7. कक्षा 6</td><td>12. कक्षा 11</td><td>17. पीजी डिप्लोमा</td><td>22. निरक्षर</td></tr>
<tr><td>3. कक्षा 2</td><td>8. कक्षा 7</td><td>13. कक्षा 12</td><td>18.मास्टर / स्नातकोत्तर</td><td></td></tr>
<tr><td>4. कक्षा 3</td><td>9. कक्षा 8</td><td>14. आईटीआई</td><td>19. एम.फिल</td><td></td></tr>
<tr><td>5. कक्षा 4</td><td>10. कक्षा 9</td><td>15. डिप्लोमा / प्रमाणपत्र</td><td>20. डॉक्टरेट और उससे ऊपर</td><td></td></tr>
</table>
(शिक्षा के पूर्ण किए गए, उदाहरण के लिए यदि सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है, लेकिन केवल छठी कक्षा उत्तीर्ण की है, तो छठी कक्षा लिखें)</td></tr>
<tr><td>17,18</td><td>व्यवसाय – निम्नलिखित में से एक लिखें–
1- कृषक
2- खेतिहर मजदूर
3- दैनिक वेतन भोगी (खेतिहर मजदूर के अलावा)
4- एकल / पारिवारिक श्रमिक / स्वरोजगार
5- नियोक्ता
6- सरकारी कर्मचारी
7- निजी कर्मचारी (घरेलू सहायक के अलावा)
8- घरेलू सहायक
9- गैर–कर्मचारी</td></tr>
</table>

टिप्पण : जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अनुसार दत्तक बच्चे के जन्म की घटना रिपोर्ट करने के लिए सूचनादाता जिम्मेदार होगा।

सूचना देने वालो को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दत्तक बच्चे के जन्म प्रतिवेदन के प्ररूप में कोई भी विषय, जहाँ तक संभव हो खाली न छोड़ा जाए।

प्ररूप -3
देखिए नियम 5(1)
मृत्यु प्रतिवेदन
विधिक सूचना
[निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें ,
यह भाग मृत्यु रजिस्टर में जोड़ा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

1. **मृत्यु तिथि :** दिन - मास - X X वर्ष
2. **मृतक का विवरण :-**
   (अ) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम
   (ब) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
   (स) जन्मतिथि (यदि उपलब्ध हो) :
   (द) आयु:
3. **लिंग ("पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति" दर्ज करें) :**
4. **माता का विवरण :-**
   (अ) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम
   (ब) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
   (स) मोबाइल संख्या :
   (द) ईमेल आईडी :
5. **पिता का विवरण:-**
   (अ) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम
   (ब) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
   (स) मोबाइल संख्या :
   (द) ईमेल आईडी:
6. **जीवनसाथी (पति/पत्नी) का विवरण :-**
   (अ) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम
   (ब) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
   (स) जन्मतिथि (यदि उपलब्ध हो) :
   (द) मोबाइल संख्या :
   (ई) आयु (पूर्ण वर्षों में):
   (च) ईमेल आईडी :
7. **मृत्यु के समय मृतक का पता:** **मकान संख्या :**
   मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):
   शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:
   राज्य या केंद्र शासित प्रदेश : पिन कोड :
8. **मृतक का स्थायी पता:** **मकान संख्या :**
   मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):
   शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:
   राज्य या केंद्र शासित प्रदेश : पिन कोड :
9. **मृत्यु का स्थान (निम्न में से 1 या 2 या 3 पर सही का निशान लगाएं और "अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या 'अन्य स्थान" का पता दें जहां मृत्यु हुई थी):**
   1. अस्पताल/संस्थान का नाम:
   2.घर 3. अन्य स्थान पता: मकान संख्या :
   मोहल्ला : वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):
   शहर या गाँव: उप–जिला: जिला :
   राज्य या केंद्र शासित प्रदेश : पिन कोड :
10. **सूचनादाता का विवरण:–**
    (अ) नाम : प्रथम नाम | मध्य नाम | अंतिम नाम
    (ब) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) :
    (स) मोबाइल संख्या :
    (द) ईमेल आईडी :
    (ई) पता : मकान संख्या :
    मोहल्ला: वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):
    शहर या गाँव: उप–जिला: जिला:
    राज्य या केंद्र शासित प्रदेश : पिन कोड :

घोषणा: ☐ मैंने अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच्ची जानकारी प्रदान की है। मैं गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 23 के अधीन दंड के बारे में जानता हूं। इसके अलावा, मैं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के अधीन सहमति देता हूं।

(खाना 1 से 21 तक पूरा करने के बाद,
सूचना देने वाला हस्ताक्षर करेगा और दिनांक भरेगा)

दिनांक: दिन - मास - X X वर्ष

सूचनादाता के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

रजिस्ट्रेशन संख्या :
रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष
रजिस्ट्रेशन केन्द्र:
शहर/गाँव:
उप–जिला:
जिला:
टिप्पणी (यदि कोई हो):
मृत्यु का कारण (प्ररूप 4/4क के अनुसार) :

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

अलग किया जाए और सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

प्ररूप - 3
देखिए नियम 5 (1)
मृत्यु प्रतिवेदन
सांख्यिकीय सूचना
[निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें]
इस हिस्से को अलग कर के सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

11. **मृतक के निवास का शहर या गाँव (**वह स्थान जहाँ मृतक प्राय: रहता था। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहाँ मृत्यु हुई थी। उचित प्रविष्टि "शहर" या "गाँव" पर निशान लगाएं और उसका नाम लिखें):
    शहर या गाँव: उप–जिला:
    जिला: राज्य या केंद्र शासित प्रदेश:
    पिन कोड:
12. **धर्म (उचित धर्म "हिंदू" या "मुस्लिम" या "ईसाई" या "सिख" या "बौद्ध" या "जैन" या "अन्य" दर्ज करें (कृपया निर्दिष्ट करें)):**
13. **मृतक का व्यवसाय:**
14. **मृत्यु से पहले प्राप्त चिकित्सा देखभाल का प्रकार** (नीचे उपयुक्त प्रविष्टि पर निशान लगाएं):
    1. संस्थागत
    2. संस्थान के अलावा अन्य चिकित्सा सहायता
    3. कोई चिकित्सा सहायता नहीं
15. **क्या मृत्यु का कारण चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित था?** (नीचे उपयुक्त प्रविष्टि पर निशान लगाएं) :
    1. हां 2. नहीं
16. **बीमारी का नाम या मृत्यु का वास्तविक कारण** (सभी मृत्यु के लिए चाहे वे चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित हों या नहीं):
17. **स्त्री मृत्यु की स्थिति में क्या मृत्यु गर्भावस्था में, प्रसूति के समय या गर्भावस्था के समाप्त होने के बाद 6 सप्ताह के भीतर हुई: (सही का निशान लगाएं)**
    1.हां 2.नहीं
18. **यदि धूम्रपान का आदी था तो कितने वर्षों से ?**
19. **यदि किसी भी रूप में तम्बाकू चबाने का आदी था तो कितने वर्षों से ?**
20. **यदि सुपारी (पान मसाला को सम्मिलित करते हुए) चबाने का आदी था तो कितने वर्षों से ?**
21. **यदि शराब पीने का आदी था तो कितने वर्षों से ?**

(मरे जाने वाले खाने समाप्त हो गए हैं। अब बाईं ओर हस्ताक्षर करें)

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

	नाम	कोड संख्या
जिला:		
उप–जिला		
शहर / गाँव :		

रजिस्ट्रेशन केन्द्र:
रजिस्ट्रेशन संख्या :
रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष
मृत्यु तिथि: दिन - मास - X X वर्ष
लिंग : पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर व्यक्ति
मृतक की आयु :
मृत्यु का स्थान : 1. अस्पताल/संस्थान 2. घर 3. अन्य स्थान

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

प्ररूप 3 : मृत्यु प्रतिवेदन भरने के लिए निर्देश

विषय संख्या	निर्देश
1	दिनांक, जहां भी हो, दिन–मास–वर्ष फार्मेट में प्रदान की जानी है, जहां दिन दो अंकों में दिनांक है, मास दो अंकों में महीना है और वर्ष चार अंकों में वर्ष है। जहां भी दिनांक शब्दों में लिखी हो उसे पूरा लिखा जाना चाहिए जैसे 01–01–2023 को एक जनवरी दो हजार तेईस लिखा जाएगा। दिनांक और अन्य संख्यात्मक प्रविष्टियाँ रिकॉर्ड करने के लिए केवल 'अरबी अंकों' जैसे 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 का उपयोग करें।
2,4,5,6,10	नाम, जहां कहीं भी हो, (प्रथम नाम) (मध्य नाम) (अंतिम नाम) के प्रारूप में प्रदान किया जाना है जहां पूरा नाम (संक्षिप्त नाम नहीं) बड़े अक्षरों में लिखा जाना है और प्रथम नाम अनिवार्य है । (प्रथम नाम) या (मध्य नाम) या (अंतिम नाम) में कम से कम दो अक्षर होने चाहिए।
3	"पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति दर्ज करें। संक्षिप्तीकरण का प्रयोग न करें।
2;घ)	यदि मृतक की आयु एक वर्ष से अधिक थी, तो आयु पूर्ण वर्षों में दें। यदि मृतक की आयु 1 वर्ष से कम थी, तो आयु महीनों में दें, और यदि 1 महीने से कम हो, तो आयु पूर्ण दिनों की संख्या में दें, और यदि एक दिन से कम हो, तो घंटों में दें।
7,8,9,10	पता, जहां कहीं भी हो, उसमें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, जिला, उप–जिला, शहर या गांव, वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो), मोहल्ला, मकान संख्या और पिन कोड शामिल होगा।
9	मृत्यु के स्थान के लिए उपयुक्त प्रविष्टि पर निशान लगाएं 1- अस्पताल/संस्थान 2- घर 3- अन्यस्थान "अस्पताल/संस्थान" का नाम और पता या "घर" या "अन्य स्थान" का पता दें जहां मृत्यु हुई हो।
11	मृतक के निवास का शहर या गाँवः वह स्थान जहाँ मृतक प्रायःरहता था। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां मृत्यु हुई है। घर का पता दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है।
13	व्यवसाय – निम्नलिखित में से एक लिखें– 1- कृषक 2- खेतिहर मजदूर 3- दैनिक वेतन भोगी (खेतिहर मजदूर के अलावा) 4- एकल/पारिवारिक श्रमिक/स्वरोजगार 5- नियोक्ता 6- सरकारी कर्मचारी 7- निजी कर्मचारी (घरेलू सहायक के अलावा) 8- घरेलू सहायक 9- गैर–कर्मचारी

टिप्पण : सूचना देने वाले को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मृत्यु प्रतिवेदन प्ररूप में कोई भी विषय, जहां तक संभव हो खाली न छोड़ा जाए।

प्ररूप -4

देखिए नियम **5(1)**

मृत जन्म प्रतिवेदन
विधिक सूचना

(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें,
यह भाग मृत जन्म रजिस्टर में जोड़ा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

1. **जन्म तिथि :** दिन - मास - X X वर्ष

2. **लिंग ("पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति" दर्ज करें) :**

3. **पिता का विवरण:–**

(क) नाम **:** प्रथम नाम मध्य नाम अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या . :

(घ) ईमेल आईडी:

4. **माता का विवरण:–**

(क) नाम**:** प्रथम नाम मध्य नाम अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या . :

(घ) ईमेल आईडी:

5. **जन्म स्थान (निम्न में से 1 या 2 या 3 पर सही का निशान लगाएं और "अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या 'अन्य स्थान" का पता दें जहां जन्म हुआ था):**

1. अस्पताल/संस्थान नाम:

2. घर 3. अन्य स्थान पता : मकान संख्या मोहल्ला :

वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो): शहर या गाँव:

उप जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

6. **सूचनादाता का विवरण:**

(क) नाम **:** प्रथम नाम मध्य नाम अंतिम नाम

(ख) आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो):

(ग) मोबाइल संख्या

(घ) ईमेल आईडी**:**

(ङ) **पता** : मकान संख्या

मोहल्ला : वार्ड संख्या (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो):

शहर या गाँव: उप जिला: जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश: पिन कोड:

घोषणा: ☐ मैंने अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच्ची जानकारी प्रदान की है। मैं गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 23 के अधीन दंड के बारे में जानता हूं। इसके अलावा, मैं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के अधीन सहमति देता हूं।

(खाना 1 से 12 तक पूरा करने के बाद,

सूचना देने वाला हस्ताक्षर करेगा और दिनांक भरेगा)

दिनांक: दिन - मास - X X वर्ष

सूचनादाता के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष

रजिस्ट्रेशन केन्द्र :

शहर/गांव :

उप जिला :

जिला :

टिप्पणी (यदि कोई हो):

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

अलग किया जाए और सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

प्ररूप -4

देखिए नियम **5 (1)**

मृत जन्म प्रतिवेदन
सांख्यिकीय सूचना

(निर्देशों के लिए पिछला भाग देखें)

इस हिस्से को अलग करके सांख्यिकीय प्रसंस्करण के लिए भेजा जाए

सूचनार्थी द्वारा भरा जाए

7. माता का निवास का शहर या गांव (वह स्थान जहां माता प्राय: रहती है। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां जन्म हुआ हो। उचित प्रविष्टि "शहर" या "गांव" पर निशान लगाएं और उसका नाम लिखें) :

शहर या गाँव: उपजिला:

जिला:

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश:

पिन कोड:

8. माता की आयु (पूर्ण वर्षों में) इस जन्म के समय :

9. माता की शिक्षा का स्तर :

10. बच्चे के जन्म के समय सहायक (निम्न में से किसी एक पर सही का निशान लगायें):

1. संस्थागत–सरकारी

2.संस्थागत – निजी अथवा गैर सरकारी

3.डॉक्टर, नर्स या प्रशिक्षित दाई

4. पारंपरिक जन्म परिचर

5.रिश्तेदारयाअन्य

11. गर्भधारण की अवधि (सप्ताहमें) :

12. भ्रूण की मृत्यु का कारण(यदि ज्ञात हो):

(एक से अधिक जन्म के मामले में, प्रत्येक बच्चे के लिए एक अलग फॉर्म भरें और बाईं ओर नीचे दिए गए बॉक्स में टिप्पणी कॉलम में, जैसी भी स्थिति हो, 'जुड़वां जन्म' या 'तीन जन्म' आदि लिखें।)

(भरे जाने वाले खाने समाप्त हो गए हैं। अब बाईं ओर हस्ताक्षर करें)

रजिस्ट्रार द्वारा भरा जाए

	नाम	कोड संख्या
जिला :		
उप जिला :		
शहर/गांव:		

रजिस्ट्रेशन केन्द्र :

रजिस्ट्रेशन संख्या :

रजिस्ट्रेशन तिथि: दिन - मास - X X वर्ष

जन्म तिथि : दिन - मास - X X वर्ष

लिंग: पुरुष / महिला / ट्रांसजेंडर व्यक्ति

जन्म स्थान: 1. अस्पताल/संस्थान 2. घर 3. अन्यस्थान

रजिस्ट्रार का नाम और हस्ताक्षर

प्ररूप 4: मृत जन्म प्रतिवेदन भरने के लिए निर्देश

<table>
<tr><th>विषय संख्या</th><th>निर्देश</th></tr>
<tr><td>1</td><td>दिनांक, जहां भी हो, दिन–मास–वर्ष फार्मेट में प्रदान की जानी है, जहां दिन दो अंकों में दिनांक है, मास दो अंकों में महीना है और वर्ष चार अंकों में वर्ष है। जहां भी दिनांक शब्दों में लिखी हो उसे पूरा लिखा जाना चाहिए जैसे 01–01–2023 को एक जनवरी दो हजार तेईस लिखा जाएगा। दिनांक और अन्य संख्यात्मक प्रविष्टियाँ रिकॉर्ड करने के लिए केवल 'अरबी अंकों' जैसे 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 का उपयोग करें।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>"पुरुष" या "महिला" या "ट्रांसजेंडर व्यक्ति" दर्ज करें। संक्षिप्तीकरण का प्रयोग न करें।</td></tr>
<tr><td>3,4,6</td><td>नाम, जहां कहीं भी हो, (प्रथम नाम) (मध्य नाम) (अंतिम नाम) के प्रारूप में प्रदान किया जाना है जहां पूरा नाम (संक्षिप्त नाम नहीं) बड़े अक्षरों में लिखा जाना है और प्रथम नाम अनिवार्य है । (प्रथम नाम) या (मध्य नाम) या (अंतिम नाम) में कम से कम दो अक्षर होने चाहिए।</td></tr>
<tr><td>5,6</td><td>पता, जहां कहीं भी हो, उसमें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, जिला, उप–जिला, शहर या गांव, वार्ड नंबर (शहर के मामले में, यदि उपलब्ध हो), मोहल्ला, मकान संख्या ं और पिन कोड शामिल होगा।</td></tr>
<tr><td>5</td><td>जन्म स्थान के लिए उपयुक्त प्रविष्टि पर निशान लगाएं
1- अस्पताल / संस्थान
2- घर
3- अन्यस्थान
"अस्पताल / संस्थान" का नाम और पता या "घर" या "अन्य स्थान" का पता दें जहां जन्म हुआ हो</td></tr>
<tr><td>7</td><td>माँ के निवास का शहर या गाँवः वह स्थान जहाँ माता प्रायःरहती है। यह उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां जन्म हुआ हो।घर का पता लिखा जाना आवश्यक नहीं है।</td></tr>
<tr><td>9</td><td>शिक्षा का स्तर – निम्नलिखित में से एक लिखें–
<table>
<tr><td>1. पूर्व–प्राथमिक</td><td>6. कक्षा5</td><td>11. कक्षा10</td><td>16.स्नातक / पूर्वस्नातक</td><td>21.औपचारिक शिक्षा के बिना साक्षर</td></tr>
<tr><td>2. कक्षा1</td><td>7. कक्षा6</td><td>12. कक्षा11</td><td>17.पीजी</td><td>22. निरक्षर</td></tr>
<tr><td>3. कक्षा2</td><td>8. कक्षा7</td><td>13. कक्षा12</td><td>18.मास्टर / स्नातकोत्तर</td><td></td></tr>
<tr><td>4. कक्षा3</td><td>9. कक्षा8</td><td>14.आईटीआई</td><td>19.एम.फिल</td><td></td></tr>
<tr><td>5. कक्षा4</td><td>10.कक्षा9</td><td>15.डिप्लोमा / प्रमाणपत्र</td><td>20.डॉक्टरेट और उससे ऊपर</td><td></td></tr>
</table>
(शिक्षा के पूर्ण किए गए, उदाहरण के लिए यदि सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है, लेकिन केवल छठी कक्षा उत्तीर्ण की है, तो छठी कक्षा लिखें)</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>भ्रूण की मृत्यु का कारण – निम्नलिखित में से कोई एक लिखें
<table>
<tr><td>1. रक्तस्राव (रक्तस्राव)</td><td>7. माँ को मधुमेह</td><td>13. माँ में पार्वोवायरस B19 संक्रमण</td></tr>
<tr><td>2. प्लेसेंटल की समस्या</td><td>8. माँ में कॉक्ससेकी वायरस संक्रमण</td><td>14. मां में Q बुखार संक्रमण</td></tr>
<tr><td>3. गर्भनाल की समस्या</td><td>9. माँ में हरपीज सिम्प्लेक्स संक्रमण</td><td>15. माता में रूबेला (जर्मन खसरा) संक्रमण</td></tr>
<tr><td>4. प्री–एक्लेमप्सिया</td><td>10. मां में लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमण</td><td>16.मा में फ्लू संक्रमण</td></tr>
<tr><td>5. शिशु में आनुवंशिक शारीरिक दोष</td><td>11. मां में लाइम रोग संक्रमण</td><td>17. माँ में टोक्सोप्लामोसिस संक्रमण</td></tr>
<tr><td>6. मॉ में लीवर विकार (ऑब्स्टेट्रिककोलेस्टास)</td><td>12. माँ को मलेरिया का संक्रमण</td><td>18. नहीं बताया गया</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

टिप्पण : सूचना देने वाले को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मृत जन्म प्रतिवेदन में कोई भी विषय जहां तक संभव हो, खाली न छोड़ा जाए।

प्ररूप - 5

देखिए नियम 7

मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण पत्र

(अस्पताल में दाखिल मरीजों के लिए, मृत जन्मो के लिए प्रयोग न किया जाए)

प्ररूप संख्या 2 (मृत्यु प्रतिवेदन) के साथ रजिस्ट्रार को भेजा जाए

इस प्रमाण पत्र की एक प्रति मृतक के निकटतम रिश्तेदार को प्रदान की जाए

अस्पताल का नाम .....

मैं, इसके द्वारा प्रमाणित करता/करती हूं कि उस व्यक्ति जिसकी प्रविष्टियाँ नीचे दी गयी है, की मृत्यु दिनांक

दिन	-	मास	-	X	X	वर्ष

का..... बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, अस्पताल के वार्ड संख्या ..... में हुई ।

मृतक का नामः	प्रथम नाम	मध्य नाम	अंतिम नाम		**सांख्यिकीय कार्यालय के उपयोग के लिए**
लिंग	**मृत्यु के समय आयु**				
	यदि आयु1 वर्ष या अधिक, वर्षो में	**यदि आयु1 वर्ष से कम,महीनो में,**	**यदि आयु एक महीने से कम, दिनों में**	**यदि आयु एक दिन यदि आयु एक दिन से कम, घंटों मे**	
1.पुरुष 2.महिला 3.ट्रांसजेंडर व्यक्ति					

मृत्यु का कारण

मृत्यु तथा बीमारी की शुरुआत के बीच का अनुमानित अंतराल

I

मुख्य कारणः

वह बीमारी, चोट या जटिलता बताएं जिसके कारण मृत्यु हुई, न कि मरने का तरीका जैसे कि ह्रदय गति रुकना, कमजोरी आदि।

(क) .....

कारण (या परिणाम स्वरूप)

पूर्ववृत्त कारण

मृत्यु के उक्त कारण के लिए, यदि कोई पुरानी बीमारी हो, तो बताऐं।

II

मृत्यु का अन्य कोई महत्वपूर्ण कारण जिसका उस बीमारी या हालात से कोई सम्बन्ध नहीं हो जिसके कारण मृत्यु हुई हो।

(ख) .....

कारण (या परिणाम स्वरूप)

(ग).....

.....

.....

मृत्यु का तरीका चोट कैसे लगी?

